हे गिरनार नेमि हमें ना भुलाना | By Geetika Kashyap

हे गिरनार नेमि नाथ बलवाना।।
हे गिरनार नेमि नाथ बलवाना।।
सागर दया के दादा.....
सागर दया के दादा सुमिरन में आना
दास तुम्हारे हैं हमें न भुलाना
हे गिरनार नेमि नाथ बलवाना।।

तेरी लगन है लागी माँ शिवा के लाल जी
भक्ति से भरदो झोली रहो खुशहाल जी
तुम्हारी शरण में भगवन.....
तुम्हारी शरण में भगवन हमारा ठिकाना
दास तुम्हारे हैं हमें न भुलाना
हे गिरनार नेमि नाथ बलवाना।।

ज्ञान ध्यान सब है तुमसे तुम ही दुनियादारी हो
बुद्धिहीन हम हैं भगवन तुम अवतारी हो
बीच भवर से हमको.....
बीच भवर से हमको पार लगाना
दास तुम्हारे हैं हमें न भुलाना।।
हे गिरनार नेमि नाथ बलवाना।।

गिरनार पर्वत नेमि धाम है पावन
हो शंखधारी दादा बड़े मन भावन
भक्ति की ज्योति निर्मल.....
भक्ति की ज्योति निर्मल मन में जलाना
दास तुम्हारे हैं हमें न भुलाना।।
हे गिरनार नेमि नाथ बलवाना।।

सागर दया के दादा.....
सागर दया के दादा सुमिरन में आना
दास तुम्हारे हैं हमें न भुलाना
हे गिरनार नेमि नाथ बलवाना।।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%a8%e0%a5%87%e0%a4%ae%e0%a4%bf-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a5%81%e0%a4%b2/